प्रेस नोट दिनांक 25.01.2025
थाना इज्ज़तनगर बरेली।

थाना इज्ज़तनगर #bareillypolice द्वारा मुठभेड के दौरान थाना क्योलडिया से वांछित व 25000/- रुपये का ईनामी अपराधी मुठभेड़ में अवैध शस्त्र, कारतूसों व खोखा कारतूसों सहित घायल अवस्था में गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद।

जनपद बरेली में क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत चलायी जा रही सघन गश्त/चैकिंग अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक इज्ज़तनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 25.01.2025 को गश्त के दौरान रात्रि करीब 01.35 बजे एक शातिर लुटेरा व 25000/- रुपये का ईनामी/वांछित कलैक्टर पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम कमलापुर थाना क्योलडिया जिला बरेली को पुलिस मुठभेड के मध्य चितुपुरा की ओर जाने वाली नहर की पुलिया से मय एक तमंचा 315 बोर मय जिसमे नाल में फंसा हुआ एक खोखा कारतूस 315 बोर व 02 कारतूस जिन्दा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस व चोरी की हुई एक मोटरसाईकिल स्पलैन्डर प्रो UP25AU1166 व एक मोबाइल फोन टच स्क्रीन के साथ पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । उक्त **पुलिस मुठभेड में उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र बिश्नोई व कां0 323 धनीष सक्सेना भी घायल** हुए हैं। घायल अभियुक्त एवं पुलिस कर्मियों का उपचार हेतु तत्काल जिला अस्पताल बरेली भेजा गया।

उक्त मुठभेड के संबंध में थाना इज्ज़तनगर पर मु0अ0सं0 62/25 धारा 109/351(2)/352/ 317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त से बरामद मोटरसाईकिल थाना बारादरी क्षेत्र से चोरी कर लिये जाने के संबंध में बारादरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 136/24 से संबंधित है। अभियुक्त कलैक्टर उपरोक्त थाना क्योलडिया पर पंजीकृत मु0अ0सं0 76/24 धारा 342/394/ 420 भादवि में वांछित/फरार चल रहा था, जिस पर **25000/- रुपये का ईनाम** घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर व अपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसका भारी आपराधिक इतिहास है। उल्लेखनीय है कि इसके विरुद्ध जनपद के **विभिन्न थानों में 02 दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज** हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटनाक्रम

दिनांक 25.01.2025 को चौकी प्रभारी अहलादपुर के माध्यम से प्रभारी निरीक्षक इज्ज़तनगर को सूचना प्राप्त हुयी कि वैसपुर की पुलिया पर संदिग्धों की चैकिंग के दौरान बिथरी चैनपुर की ओर से एक स्पलैन्डर मोटरसाईकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, जो चौकी प्रभारी अहलादपुर को टक्कर मारकर कलापुर की नहर की ओर भाग गया है, जिसका पीछा कर रहे हैं। उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक इज्ज़तनगर द्वारा हमराही फोर्स के सहयोग से अभियुक्त को आगे से रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल सवार अभियुक्त द्वारा अपने को पुलिस से घिरता देख पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी जिसमें चौकी प्रभारी अहलादपुर श्री धर्मेन्द्र बिश्नोई एवं कां0 धनीष सक्सेना घायल हो गये। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त कलैक्टर उपरोक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे मौके से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त

1. कलैक्टर पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम कमलापुर थाना क्योलडिया जिला बरेली उम्र करीब 42 वर्ष

बरामदगी

I. एक तमंचा 315 बोर, 02 जीवित कारतूस एवं 02 खोखा कारतूस 315 बोर
II. एक चोरी की गयी मोटरसाईकिल (स्पलैन्डर प्रो रजि0न0 UP25AU1166)
III. एक मोबाइल फोन टच स्क्रीन

आपराधिक इतिहास -

क्र.	मु0अ0सं0	धारा	थाना
1.	62/25	109/351(2)/352/317(2) बीएनएस व 3/25/27 ए0 एक्ट	इज्ज़तनगर
2.	76/24	342/394/420 भादवि	क्योलडिया
3.	134/24	379 भादवि	बारादरी
4.	504/20	307 भादवि	बहेडी
5.	505/20	3/25 आयुध अधि0	बहेडी

6.	33/22	147/148/149/308/323/324/394 भादवि	भुता
7.	338/23	174ए भादवि	भुता
8.	956/22	4/25 आयुध अधि0	इज्ज़तनगर
9.	544/13	411/420/467/468/471 भादवि	बिथरी चैनपुर
10.	545/13	25 आयुध अधि0	बिथरी चैनपुर
11.	222/12	393 भादवि	भुता
12.	479/12	2/3 गैंगस्टर एक्ट	भुता
13.	1565/10	364/302/201 भादवि	कैन्ट
14.	969/08	379 भादवि	फरीदपुर
15.	15/10	307 भादवि	भुता
16.	16/10	25 आयुध अधि0	भुता
17.	60/10	2/3 गैंगस्टर एक्ट	भुता
18.	316/08	452/302 भादवि व 2/3 गैंगस्टर एक्ट	भुता
19.	455/08	307 भादवि	भुता
20.	456/08	25 आयुध अधिनियम	भुता
21.	615/09	379/411/413/414 भादवि	भुता
22.	50/03	2/3 गैंगस्टर एक्ट	हाफिजगंज
23.	703/04	302/504/506 भादवि व 7 CLA	हाफिजगंज
24.	733/04	3(2) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम	हाफिजगंज
25.	773/04	25 आयुध अधि0	हाफिजगंज

पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री बिजेन्द्र सिंह थाना इज्ज़तनगर बरेली।
2. व0उ0नि0 श्री जावेद अली थाना इज्ज़तनगर बरेली।
3. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र बिश्नोई थाना इज्ज़तनगर बरेली (घायल)
4. उ0नि0 श्री संजय सिंह थाना इज्ज़तनगर बरेली।
5. उ0नि0 श्री इन्द्रपाल सिंह थाना इज्ज़तनगर बरेली ।
6. हे0का0 534 आशीष थाना इज्ज़तनगर बरेली ।
7. हे0कां0 38 धर्मेन्द्र अवस्थी थाना इज्ज़तनगर बरेली ।
8. कां0 323 धनीष सक्सेना थाना इज्ज़तनगर बरेली (घायल)
9. कां0 216 विशाल थाना इज्ज़तनगर बरेली ।
10. हे0कां0 266 विपुल कुमार थाना इज्ज़तनगर बरेली ।
11. हे0कां0 426 कामिल थाना इज्ज़तनगर बरेली ।